कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-08.04.2024

विषयः- थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा 1025 ग्राम अवैध गांजा के साथ अभियुक्त सुरेन्द्र गुप्ता गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के नेतृत्व में थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग के दौरान अभियुक्त सुरेन्द्र गुप्ता पुत्र बेचन गुप्ता निवासी ग्राम छितौनी थाना लोहता जनपद वाराणसी को दिनांक-07.04.2024 को समय करीब 20.10 बजे पिसौर पुल थाना शिवपुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से कुल 1025 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना शिवपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-129/2024 धारा 8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि मेरे पास नाजायज गांजा है जिसे में बेचकर अपना खर्च चलाता हूँ। आप लोगों को देखकर पकड़े जाने के डर से भाग रहा था किन्तु आप लोगों ने पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

सुरेन्द्र गुप्ता पुत्र बेचन गुप्ता निवासी ग्राम छितौनी थाना लोहता जनपद वाराणसी उम्र 32 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

कुल 1025 ग्राम नाजायज गांजा।

गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः-

1. प्रभारी निरीक्षक रविशंकर त्रिपाठी थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 राम बालक थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 अरविन्द वर्मा थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. उ0नि0 कोमल यादव थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 मनोज कुमार पाण्डेय थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।